मऊ की दाक्षायनी पांडेय के कार सुरक्षा मॉडल का धमाल

चर्चा में क्यों?

5 जनवरी, 2023 को उत्तर प्रदेश के मऊ ज़िले में एक गरीब किसान की बेटी दाक्षायनी पांडेय (17 वर्ष) का चयन उनके कार सुरक्षा मॉडल के आधार पर अमेरिका में कैलफिोर्निया के स्टैनफोर्ड यूनविर्सिटी में 100 फीसदी स्कॉलरशपि के साथ हुआ है। इस समय वह 12वीं की पढ़ाई कर रही है।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि दम घुटने से कार में एक मासूम की मौत की घटना टेलीविज़िन पर देखने के बाद व्यथति दाक्षायनी पांडेय ने कार सुरक्षा का एक ऐसा मॉडल तैयार किया, जिसे देख और सुनकर पूरी दुनिया चकति है। इस मॉडल से प्रभावति होकर स्टैनफोर्ड यूनविर्सिटी से उन्हें बुलावा मिला।
- दाक्षायनी पांडेय स्कॉलरशपि पर बायो इंजीनियरिंग और एंटरप्रेन्योरशपि के लिये सितिंबर 2023 में अमेरिका रवाना होंगी।
- उन्होंने ‘मशिन प्रोटेक्टर’ कारों के लिये एक सुरक्षा सेटअप बनाया है। यह वाहन में कार्बन डाइऑक्साइड के स्तर के बढ़ने के साथ ही सक्रयि हो जाता है और कार की खिड़की को अंदर ताजा हवा की अनुमति देने के लिये रोल करता है।असल में कार अगर चल रही हो और उसके शीशे बंद हों तो उसके अंदर कार्बन डाइ ऑक्साइड गैस जमा हो जाती है। इसकी वजह से कार में बैठे लोगों की जान खतरे में पड़ जाती है। लेकिन मिशन प्रोटेक्टर की खूबी यह है कि जैसे ही कार में कार्बन डाइ ऑक्साइड की मात्रा बढ़ेगी यह तुरंत अलर्ट कर देगा और अपने आप कार के शीशे नीचे हो जाएंगे।
- विदित है कि दाक्षायनी ने पहली बार अपना मॉडल आईआईटी दिल्ली में आयोजित इंडिया एट 75 नेशनल आइडियाथान-2021 में प्रदर्शित किया, जिसमें उनका मॉडल प्रथम स्थान पर रहा था। वह अपने इस ‘मशिन प्रोटेक्टर’को पेटेंट कराएंगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mau-dakshayani-pandey-s-car-security-model